**डॉ. बी. राजेन्दर**
भा० प्र० से०
अपर मिशन निदेशक

**बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी**
सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना

पत्रांक- बि0प्र0सु0मि0सो0/विविधि-48/2010 सो0....723.....दिनांक....27.06.2013......

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी

विषय- संविदा के आधार पर प्रखण्ड सूचना प्रौद्योगिकी सहायक (Block I.T. Assistant) के पद पर नियोजन हेतु पैनल निर्माण करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभिन्न जिलों से प्रखण्ड सूचना प्रौद्योगिकी सहायक (Blcok I.T. Assistant) के पद पर नियोजन हेतु अपेक्षित संख्या में अभ्यर्थी के उपलब्ध नहीं रहने के कारण रिक्ति रह जाने की सूचना प्राप्त हो रही है।

उक्त के आलोक में लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम 2011 के क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करने हेतु विभिन्न कोटि के रिक्त पदों पर संविदा पर नियोजनार्थ प्रखण्ड सूचना प्रौद्योगिकी सहायक (Blcok I.T. Assistant) का कोटिवार पैनल तैयार करने हेतु एकीकृत विज्ञापन का प्रकाशन किया जा रहा है। आवेदन मिशन के वेबसाईट *www.bpsm.bih.nic.in* पर ऑनलाईन भरने करने की व्यवस्था है। इससे संबंधित पासवर्ड जिलों में नियोजित आई.टी. मैनेजर को उपलब्ध है। नियोजन संबंधी विज्ञापन एवं वेबसाईट पर उपलब्ध नियोजन संबंधी सूचना की प्रति पत्र के साथ संलग्न है।

अनुरोध है कि भविष्य की आवश्यकतानुसार पर्याप्त संख्या में आदर्श आरक्षण रोस्टर के अनुपालन करते हुए कोटिवार पैनल का निर्माण करते हुए शीघ्र नियोजन की कार्रवाई पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन

अनु0:-यथोक्त

B.Rajender 26.6.2013
(डॉ0 बी0 राजेन्दर)
अपर मिशन निदेशक

कार्यालयः- सिंचाई बैरक नं. -1 हार्डिंग रोड, पटना,-800015 फोनः-0612-2545191, फैक्स-0612-2215908
e-mail : amd.bpsm@gmail.com, web : www.bpsm.bih.nic.in

# बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
## (सामान्य प्रशासन विभाग)

**Block I.T. Assistant (प्रखण्ड सूचना प्रौद्योगिकी सहायक ) के पद पर संविदा के आधार पर नियोजनार्थ पैनल निर्माण हेतु आवश्यक सूचना**

लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन में सहायता प्रदान करने एवं जिले के अन्य कार्यालयों में आवश्यकता के आधार पर Block I.T. Assistant (प्रखण्ड सूचना प्रौद्योगिकी सहायक) के पद पर संविदा पर नियोजनार्थ पैनल निर्माण हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

इसके लिए सुयोग्य अभ्यर्थियों से **Online** आवेदन आमंत्रित किया जाता है, जिसकी अंतिम तिथि 12.07.2013 को अपराह्न 5:00 बजे तक निर्धारित है।

इससे संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के **Website-** ***http://bpsm.bih.nic.in*** पर उपलब्ध है।

# बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
## (सामान्य प्रशासन विभाग)

**प्रखण्ड सूचना एवं प्रौद्यौगिकी सहायक (Block IT Assistant) के पद पर संविदा पर नियोजन हेतु पैनल निर्माण के लिए अति आवश्यक सूचना**

राज्य के विभिन्न कार्यालयों में सूचना-प्रौद्योगिकी एवं कम्प्यूटर संबंधित कार्यों के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण तथा लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन में सहायता प्रदान के निमित्त प्रखण्ड सूचना प्रौद्योगिकी सहायक **(Block IT Assistant)** के पद पर संविदा के आधार पर नियोजनार्थ पैनल निर्माण किया जाना है, जिसके जिलावार कोटिवार ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इस संबंध में संक्षिप्त विवरणी निम्नवत है:-

1. **कार्यक्षेत्र :-** (i) प्रखण्ड स्तर पर सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे कार्यों के कार्यान्वियन एवं अनुश्रवण में सहायता करना।
   (ii) जन शिकायत प्रणाली के कार्यान्वियन एवं पर्यवेक्षण में सहायता करना।
   (iii) प्रस्तावित Right To Service Act के कार्यान्वियन में प्रखण्ड स्तर पर सहायता करना।

2. **अर्हता :-** (i) आवेदक की आयु (दिनांक 01.07.2013 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होनी चाहिए)
   (ii) **न्यूनतम योग्यता–**
   आवेदक की शैक्षणिक योग्यता सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से आई. टी. अथवा कम्प्यूटर के क्षेत्र में न्यूनतम स्नातक की उपाधि होनी चाहिए।

3. **मानदेय :-** इन्हें समेकित रूप से कुल मानदेय ₹ 10000/– प्रतिमाह का भुगतान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोई भी राशि देय नहीं होगी।

**4.नियुक्ति अवधि:-** इनका चयन अस्थायी रूप से एक वर्ष के लिए किया जायेगा और आवश्यकतानुसार बढ़ायी जा सकेगी।

**5. चयन राज्य स्तरीय आदर्श आरक्षण रोस्टर के अनुरूप जिलावार होगा। जिले में उपलब्ध रिक्तियों का आरक्षण कोटिवार ब्यौरा मिशन के Website पर देखा जा सकता है।**

**6. चयन का आधार :-** (i) जिला स्तर पर प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियोजन हेतु पैनल तैयार किया जायेगा, जिससे वरीयता क्रम में रिक्तियों के विरूद्ध नियोजन किया जायेगा।
   (ii) रिक्त पदों से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों से निर्गत उपाधि को निम्नानुसार प्राथमिकता दी जायेगी:-
   (क) I.T. अथवा कम्प्यूटर शाखा में अभियंत्रण स्नातक की उपाधि।
   (ख) M.C.A./M.Sc. (I.T./Computer)
   (ग) B.C.A./B.Sc. (I.T./Computer)
   (घ) समान स्थिति होने पर उच्चतर प्राप्तांक को प्राथमिकता दी जायेगी।

7. **आवेदन पत्र भरने की प्रक्रियाः-**

आवेदन मिशन के वेबसाईट ***www.bpsm.bih.nic.in*** पर उपलब्ध है, जिसे ***Online*** भरा जाना है। आवेदक को आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर अपना अद्यतन फोटो अपलोड करना होगा। आवेदन पत्र में वर्णित सभी कागजातों/दस्तावेजों की मूल प्रति एक अतिरिक्त छाया प्रति काउन्सेलिंग के समय बुलाए जाने पर प्रस्तुत करना होगा।

8. **आवेदन *Online* भरने की अंतिम तिथि 12.07.2013 को अपराहन 5:00 बजे तक निर्धारित है।**

9. एक अभ्यर्थी अधिकतम एक हीं जिले के लिए आवेदन दे सकते हैं। एक से ज्यादा जिले में आवेदन देने पर उनके नियोजन पर विचार नहीं किया जायेगा।

10. मिशन सोसाइटी को अधिकार होगा कि बिना कोई कारण बताये चयन प्रक्रिया को किसी भी समय रद्द कर दे।

**मिशन निदेशक**<br>
बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी<br>
(सामान्य प्रशासन विभाग)